SATISH SCIENCE ACADEMY
DHANORI PUNE-411015

# HINDI A

## Class 10 - हिंदी ए

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है।
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

### खंड क - अपठित बोध

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[7]**

आज से प्रायः सौ-सवा सौ साल पहले वाले किसान-संघर्षों एवं आन्दोलनों का वर्णन मिलता है। इसमें सबसे पुराना मालाबार के मोपला किसानों का विद्रोह है, जो 1836 में शुरू हुआ था। कहने वाले कहते हैं कि ये मोपले कट्टर मुसलमान होने के नाते अपना आन्दोलन धार्मिक कारणों से ही करते रहे हैं। असहयोग-युग के उनके विद्रोह के बारे में तो स्पष्ट ही यही बात कही गई है। मगर ऐसा कहने-मानने वाले अधिकारियों एवं जमींदार-मालदारों के लेखों तथा बयानों से ही यह बात सिद्ध हो जाती है कि दरअसल आर्थिक एवं सामाजिक उत्पीड़न ही इस विद्रोह के असली कारण रहे हैं और धार्मिक रंग अगर उन पर चढ़ा है तो कार्य-कारणवश ही, प्रसंगवश ही। 1920 और 1921 वाले विद्रोह को तो सबों ने, यहाँ तक कि महात्मा गांधी ने भी धार्मिक ही माना है। असहयोग युग के बाद जो भी किसान-आन्दोलन हुए हैं उन्हें संगठित रूप मिला है, यह बात सही है। संगठित से हमारा आशय सदस्यता के आधार पर बनी किसान-सभा और किसानों की पंचायत से है, जिसका कार्यालय नियमित रूप से काम करता रहता है और समय पर सभी समितियाँ होती रहती हैं। कागजी घुड़दौड़ भी चालू रहती है। यह बात पहले न थी। इसी से पूर्ववर्ती आन्दोलन असंगठित था या विद्रोहों को तत्काल सफल होने के लिए उनका किसी-न-किसी रूप में संगठित होना अनिवार्य था। 'पतिया' जारी करने का रिवाज़अत्यन्त प्राचीन है। मालूम होता है, पहले दो-चार अक्षरों या संकेतों के द्वारा ही संगठन का मंत्र फूँका जाता था। यातायात के साधनों के अभाव में उसे वर्तमान कालीन सफलता एवं विस्तार प्राप्त न होते थे।

**1.** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

**कथन (A):** मोपला विद्रोह केवल धार्मिक कारणों से हुआ था।

**कारण (R):** आर्थिक और सामाजिक उत्पीड़न मोपला विद्रोह के वास्तविक कारण थे।

**विकल्प:**

i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

SATISH SCIENCE ACADEMY

**2.** नीचे दिए गए कथनों में से सही विकल्प का चयन करें:

I. असहयोग युग के दौरान मोपला विद्रोह को महात्मा गांधी ने धार्मिक माना था।

II. 1920-1921 के बाद के किसान आंदोलनों को संगठित रूप मिला।

III. पतिया जारी करने का रिवाज किसान-आंदोलनों के संगठन का एक हिस्सा था।

IV. असहयोग युग के पूर्ववर्ती आंदोलन पूरी तरह संगठित थे।

**विकल्प:**

i. केवल कथन I और IV सही हैं।

ii. कथन I, II और III सही हैं।

iii. केवल कथन III और IV सही हैं।

iv. कथन II, III और IV सही हैं।

**3.** नीचे दिए गए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित करें और सही विकल्प का चयन करें:

| **कॉलम 1** | **कॉलम 2** |
|---|---|
| I. मोपला विद्रोह का प्रारंभ | 1. 1836 |
| II. संगठित किसान सभा की विशेषता | 2. सदस्यता आधारित समितियाँ। |
| III. असहयोग युग के बाद के आंदोलन | 3. नियमित कार्यालय और समय पर बैठकें। |

**विकल्प:**

i. I (1), II (2), III (3)

ii. I (2), II (3), III (1)

iii. I (3), II (1), III (2)

iv. I (1), II (3), III (2)

**4.** संगठित किसान आंदोलन की क्या विशेषताएँ थीं? (2)

**5.** पूर्ववर्ती किसान आंदोलन की असफलता के क्या कारण थे? (2)

2. **निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[7]**

मधुर याद बचपन तेरी
गया, ले गया, तू जीवन की,
सबसे मस्त खुशी मेरी।
चिंता रहित खेलना खाना,
फिर वह फिरना निर्भय स्वच्छंद,
कैसे भूला जा सकता है,
बचपन का अतुलित आनंद।
ना और मचल जाना भी,
क्या आनंद दिखलाते थे,
बड़े-बड़े मोती-से आँसू,
जयमाला पहनाते थे।
मैं रोई, माँ काम छोड़कर,
आई, मुझको उठा लिया,
झाड़-पोंछकर चूम-घूमकर,
गीले गालों को सुखा दिया।
आ जा बचपन ! एक बार फिर
दे दे अपनी निर्मल शांति,
व्याकुल व्यथा मिटाने वाली,

SATISH SCIENCE ACADEMY

वह अपनी प्राकृत विश्रांति।
वह भोली-सी मधुर सरलता।
वह प्यारा जीवन निष्पाप,
क्या फिर आकर मिटा सकेगा,
तू मेरे मन का संताप?

**1.** जयमाला कौन पहनाते है? (1)

(क) भोली-सी मधुर सरलता

(ख) सहेलियाँ

(ग) बड़े-बड़े मोती के समान आँसू

(घ) माँ

**2.** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

**कथन (A):** काव्यांश में बचपन के मासूम और निरागस आनंद को याद किया गया है।

**कारण (R):** काव्य में बचपन की यादों को विशेष रूप से उसकी मासूमियत और शांति से जोड़कर व्यक्त किया गया है।

**विकल्प:**

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**3.** काव्यांश में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?

I. काव्य में बचपन की मासूमियत और शांति को महत्वपूर्ण रूप से चित्रित किया गया है।

II. काव्य में यह बताया गया है कि बचपन की यादें जीवन के सबसे दुखी और कठिन क्षणों में शांति प्रदान करती हैं।

III. काव्य में रोने और माँ की देखभाल को बचपन की विशेषताएँ और आनंद के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

IV. काव्य में बचपन की यादों को एक स्थायी और निरंतर सुखद अनुभव के रूप में चित्रित किया गया है।

**विकल्प:**

(क) कथन I और III सही हैं।

(ख) कथन II और IV सही हैं।

(ग) केवल कथन III सही है।

(घ) कथन I, III और IV सही हैं।

**4.** बचपन की क्या - क्या विशेषताएँ बताई गई हैं ? (2)

**5.** रोती हुई कवयित्री को माँ कैसे शांत कराती है? (2)

SATISH SCIENCE ACADEMY

## खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण

3. **निर्देशानुसार किन्हीं चार के उत्तर लिखिए-** **[4]**

i. एक साल पहले बने कॉलेज में शीला अग्रवाल की नियुक्ति हुई थी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ii. जो व्यक्ति साहसी हैं उनके लिए कोई कार्य असंभव नहीं है। (सरल वाक्य में बदलिए)

iii. सवार का संतुलन बिगड़ा और वह गिर गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

iv. केवट ने कहा कि बिना पाँव धोए आपको नाव पर नहीं चढ़ाऊँगा। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखिए)

v. हमें स्वयं करना पड़ा और पसीने छूट गए। (मिश्रवाक्य में बदलिए।)

4. निम्नलिखित में से **किन्ही चार** वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : **(1x4=4)** **[4]**

i. छात्रों ने विद्यालय में पौधे लगाए। **(कर्मवाच्य में बदलिए)**

ii. चलो, घूमने चलते हैं। **(भाववाच्य में बदलिए)**

iii. शाहजहाँ द्वारा ताजमहल बनवाया गया। **(कर्तृवाच्य में बदलिए)**

iv. प्राचार्य ने छात्रों को पुरस्कार दिए। **(कर्मवाच्य में बदलिए)**

v. मैं इस धूप में चल नहीं सकता। **(भाववाच्य में बदलिए)**

5. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए- (1x4=4)** **[4]**

i. जहाँ तक कब्जा हो चुका है।

ii. उसमें से कुछ जमीन हमें लौटा दी जाए।

iii. ताकि हमें लगे।

iv. कि हमारी भावना का सम्मान किया गया।

v. तो घर की व्यवस्था रुक जाएगी।

6. निम्नलिखित काव्यांशों के अलंकार भेद पहचान कर लिखिए- (किन्हीं चार) **[4]**

i. चमचमात चंचल नयन, बिच घूँघट पट छीन।
मनहु सुरसरिता विमल, जल उछरत जुग मीन

ii. फूल हँसे कलियाँ मुसकाई।

iii. हनुमान की पूँछ में, लगन पाई आग।
लंका सगरी जल उठी, गए निशाचर भाग॥

iv. सागर-सा गंभीर ह्रदय हो, गिरी-सा ऊँचा हो जिसका मन।

v. "उदित उदय गिरी मंच पर, रघुवर बाल पतंग।
विगसे संत-सरोज सब, हरषे लोचन भ्रंग।।"

**खंड ग - गद्य खंड (पाठ्यपुस्तक)**

7. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया, जिस दिन उनका बेटा मरा। इकलौता बेटा था वह ! कुछ सुस्त और बोदा-सा था, किन्तु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते। उनकी समझ में ऐसे आदमियों पर ही ज्यादा नजर रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए, क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज्यादा हकदार होते हैं। बड़ी साध से उसकी शादी कराई थी, पतोहू बड़ी ही सुभग और सुशील मिली थी। घर की पूरी प्रबंधिका बनकर भगत को बहुत कुछ दुनियादारी से निवृत्त कर दिया था उसने। उनका बेटा बीमार है, इसकी खबर रखने की लोगों को कहाँ फुरसत ! किन्तु मौत तो अपनी ओर सबका ध्यान खींचकर ही रहती है।

i. बालगोबिन भगत के अनुसार कैसे लोग निगरानी और मुहब्बत के ज़्यादा हकदार होते हैं?

क) अच्छे लोग | ख) शारीरिक रूप से अक्षम
ग) जिन्हें मौत आनी हो | घ) जिसकी शादी हो

ii. बीमारी और मृत्यु की ख़बर में क्या अन्तर देखा जाता है?

क) मृत्यु बिना बताए आती है | ख) बीमारी ध्यान आकर्षित करती है
ग) बीमारी में लोग मिलने नहीं आते | घ) मृत्यु ध्यान आकर्षित करती है

iii. बालगोबिन भगत की संगीत साधना का उत्कर्ष किस दिन देखा गया?

क) पुत्र के जन्म पर | ख) पुत्र की शादी के दिन
ग) पुत्र की मृत्यु के दिन | घ) बहु के घर आने पर

iv. घर का पूरा प्रबंध कौन करता था?

क) गाँव वाले | ख) बालगोबिन भगत
ग) बालगोबिन भगत के पुत्र | घ) बालगोबिन भगत की बहु

v. बालगोबिन भगत का पुत्र कैसा था?

क) बहुत तेज | ख) किसी काम का नहीं

SATISH SCIENCE ACADEMY

ग) सुस्त और बोदा | घ) नालायक

8. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. कस्बे से गुज़रते हुए हालदार साहब सदा चौराहे पर क्यों रुकते थे? दो कारण लिखिए। **[2]**

ii. **एक कहानी यह भी** पाठ में **पड़ोस कल्चर** का उल्लेख हुआ है। इस कल्चर से आप क्या समझते हैं? **[2]**

iii. नवाब साहब द्वारा किया गया सहसा अभिवादन लेखक को अच्छा नहीं लगने के क्या कारण रहे होंगे? **लखनवी अंदाज़** पाठ के आधार पर लिखिए। **[2]**

iv. **संस्कृति** पाठ के अनुसार लेखक ने किस संस्कृति को संस्कृति नहीं माना है और क्यों? **[2]**

## खंड ग - काव्य खंड (पाठ्यपुस्तक)

9. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास
तब भी कहते हो कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे यह गागर रीती।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले-
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।

i. कवि ने यहाँ अपने जीवन के किस पक्ष का उल्लेख किया है?

क) बचपन का | ख) दुःखद पक्ष का
ग) सुखद पक्ष का | घ) वृद्धावस्था का

ii. पत्तियों का मुरझाना किस ओर संकेत करता है?

क) ढलती उम्र एवं जीवन के आनंद की समाप्ति की ओर | ख) जीवन की कठिनाइयों की ओर
ग) सूखे की ओर | घ) मृत्यु की ओर

iii. मधुप किसे कहा गया है?

क) शहद पीने वाले को | ख) इनमें से कोई नहीं
ग) मन रूपी भौरे को | घ) मधुमक्खी को

iv. कवि ने गागर रीति किसे कहा है?

क) अभावपूर्ण जिन्दगी को | ख) खाली घड़े को
ग) अपने रिक्त जीवन को | घ) अजानता को

v. यह किस काल की रचना है?

क) भक्तिकाल | ख) रीतिकाल
ग) आदिकाल | घ) छायावादी युग

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. **उड़ने को नभ में तुम पर-पर कर देते हो** -अट नहीं रही है कविता के संदर्भ में आशय स्पष्ट कीजिए। **[2]**

ii. कवि ने ‘फसल' के निर्माण में कृषक को अधिक महत्व दिया है, क्यों? **[2]**

iii. 'संगतकार' की आवाज को कमजोर, काँपती हुई आवाज़ क्यों कहा गया है? **[2]**

iv. आपके द्वारा पठित सूरदास के पदों में किस रस की प्रधानता है? इसमें कौन-कौन प्रमुख पात्र हैं? **[2]**

SATISH SCIENCE ACADEMY

## खंड ग - कृतिका (पूरक पाठ्यपुस्तक)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए:** **[8]**

i. **माता का अँचल** पाठ से ऐसे दो प्रसंगों का वर्णन कीजिए जो आपके दिल को छू गए हों। **[4]**

ii. **मैं क्यों लिखता हूँ?** पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक को लिखने की प्रेरणा कहाँ से प्राप्त होती है। **[4]**

iii. सैलानियों को प्रकृति की अलौकिक छटा का अनुभव करवाने में किन-किन लोगों का योगदान होता है, उल्लेख करें। **[4]**

## खंड घ - रचनात्मक लेखन

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये:** **[6]**

i. **पॉलीथिन थैलियों पर अनिवार्य प्रतिबंध** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

- पॉलीथिन थैलियों का प्रचलन, प्रसार
- प्रतिबंध की आवश्यकता
- सरकार और आम आदमी के सहयोग

ii. **विज्ञापन की बढती हुई लोकप्रियता** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

- विज्ञापन की आवश्यकता
- विज्ञापनों से होने वाले लाभ
- विज्ञापनों से होने वाली हानियाँ

iii. **स्त्री-शिक्षा : वर्तमान और भविष्य** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

- स्त्री-शिक्षा की ज़रूरत
- देश में स्त्रियों की शिक्षा की वर्तमान अवस्था
- भविष्य में बेहतरी के लिए प्रयास

13. आप विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं; विद्यालय की रंग-मंडली द्वारा प्रस्तुत नाटक को देखने और उसके बाद श्रेष्ठ अभिनेताओं को पुरस्कृत करने का आग्रह करते हुए शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए। **[5]**

अथवा

इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर क्राइम में भी बहुत वृद्धि हुई है। इस बारे में छोटी बहन/छोटे भाई को सतर्क करने के लिए लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।

14. बंसल प्रकाशन प्रा० लि० दिल्ली को डी. टी. पी. आपरेटर की आवश्यकता है। इस पद हेतु अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए व्यवस्थापक को स्ववृत सहित आवेदन-पत्र लिखिए। **[5]**

अथवा

आपका टेलीफोन लगभग पंद्रह दिनों से खराब है। इसकी शिकायत करते हुए महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक mtnlcsco@gmail.com को ईमेल लिखिए।

15. अपनी दुकान को किराए पर उठाने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **[4]**

अथवा

शतरंज में स्वर्ण पदक जीतने पर मित्र को शुभकामना संदेश लिखिए।

SATISH SCIENCE ACADEMY